बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग
ब्लॉक–सी0, सरदार पटेल भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800023
दूरभाष: 0612 2294201, 2294202(फैक्स), ई–मेल: secy-disastermgmt-bih@nic.in


पत्रांक–01 / प्रा0आ0(बाढ़)–12 / 2020 / **2387** / आ0प्र0, पटना–23 दिनांक–**23.06.2020**

प्रेषक,

प्रत्यय अमृत,
प्रधान सचिव।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
पूर्णियाँ, किशनगंज, कटिहार, अररिया, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, गोपालगंज, सिवान, मुजफ्फरपुर।

विषयः **भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा 23 जून, 2020 को जारी वर्षापात संबंधी पूर्वानुमान के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में।**

महाशय,

भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा 23 जून, 2020 को वर्षापात के पूर्वानुमान से संबंधित Special Weather Bulletin जारी की गई है, जिसके अनुसार दिनांक 24 से 29 जून तक आपके जिले के कुछ इलाकों में सामान्य से भारी वर्षापात तथा अतिवृष्टि की संभावना व्यक्त की गई है। उक्त पूर्वानुमान के आलोक में संभावित बाढ़ के दृष्टिकोण से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा दूरभाष पर भी निम्नलिखित निदेश दिए गए हैं जिनका अनुपालन अविलम्ब सुनिश्चित किया जाए:–

1. इस संदर्भ में आपदा प्रबंधन विभाग के Whatsapp Group पर आपको पहले ही सूचित कर दिया गया है ताकि सभी संबंधित आवश्यक तैयारी समयपूर्व सुनिश्चित की जा सके।
2. आपके जिले में प्रतिनियुक्त NDRF/SDRF की टीमों का आवासन जिलान्तर्गत बाढ़ / भारी वर्षापात से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में ही रखें।
3. इस अलर्ट की सूचना जिलान्तर्गत सभी त्रिस्तरीय पंचायतीराज प्रतिनिधियों को दे दी जाए एवं यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि यह संवाद आमजन तक निश्चित रूप से पहुँच जाए। इसकी जानकारी जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी के माध्यम से सभी स्थानीय समाचार पत्रों तथा सोशल मीडिया पर दे दी जाए ताकि सभी लोग सजग रहें।
4. निष्क्रमण की स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार रहते हुए नावों / मोटरबोटों को पर्याप्त संख्या में डिप्लॉय कर देंगे तथा निष्क्रमण के दौरान विभाग के द्वारा पूर्व में दिए गए दिशा–निर्देशों के आलोक में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, यह सुनिश्चित करेंगे कि संकटग्रस्त (Vulnerable) समूहों जैसे–वृद्धजन, दिव्यांगजन, बच्चे, गर्भवती एवं धातृ महिलाओं को निष्क्रमण में प्राथमिकता दी जाए।
5. सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित अन्य पदाधिकारियों से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त अलर्ट के आलोक में भारी वर्षापात एवं संभावित बाढ़ के दृष्टिकोण से तैयारियों की समीक्षा कर ली जाए।
6. Whatsapp एवं अन्य मीडिया के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के सभी संबंधित कर्मियों को अलर्ट रहने हेतु निदेश दे दिया जाए। संबंधित सिविल सर्जन से

समीक्षा कर चिकित्सा सुविधा एवं दवाओं के पर्याप्त भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

7. तटबंधों पर सतत् निगरानी रखने के लिए जल संसाधन विभाग की सभी टीमों को अलर्ट मोड पर रखा जाए।
8. बाढ़ राहत केन्द्रों को चिन्हित कर विभाग के द्वारा पूर्व में दिए गए दिशा–निर्देशों के आलोक में तैयारी पूरी कर ली जाए।

**अनु०–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

प्रधान सचिव

ज्ञापांक–01 / प्रा0आ0(बाढ़)–12 / 2020 / **2387** / आ0प्र0, पटना–23 दिनांक–**23.06.2020**

**प्रतिलिपिः** समादेष्टा, एन0डी0आर0एफ0 / एस0डी0आर0एफ0, बिहटा, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रधान सचिव

ज्ञापांक–01 / प्रा0आ0(बाढ़)–12 / 2020 / **2387** / आ0प्र0, पटना–23 दिनांक–**23.06.2020**

**प्रतिलिपिः** प्रमंडलीय आयुक्त, कोसी, पूर्णिया, सारण, दरभंगा एवं तिरहुत प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रधान सचिव

ज्ञापांक–01 / प्रा0आ0(बाढ़)–12 / 2020 / **2387** / आ0प्र0, पटना–23 दिनांक–**23.06.2020**

**प्रतिलिपिः** प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग / सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रधान सचिव

भारत सरकार
(पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय)
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान केंद्र,
जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीए हवाई अड्डा
पटना : 800014
दूरभाष: 2222071 / 2251086 /2252356
ईमेल- gs.mcpatna@gmail.com

**Government of India**
**(Ministry of Earth Sciences)**
**India Meteorological Department**
**Meteorological Centre,**
**Jai Prakash Narayan International**
**Airport, Patna: 800014**
Tele: 2222071 / 2251086 /2252356
Email: gs.mcpatna@gmail.com

**No: W-13011/01/2020/ dated 23rd June 2020**

To,

i. The Chief Secretary, Government of Bihar

ii. Principal Secretary, Disaster Management Department, Government of Bihar

**Subject**: Special Weather Bulletin for enhanced rainfall activities

Sir,

As per the Numerical Weather Prediction Models, a situation conducive for enhancing rainfall activities is likely to prevail over the foothills of Himalaya along the Bihar - Nepal border and adjoining areas.
As a result, moderate, heavy to very heavy rainfall is likely across the state as per the following details:

| Date | District likely to be affected | Remarks |
|---|---|---|
| 24th June to 26th June 2020 | Kishangunj, Araria, Katihar, Purnia, Supal, Madhubani, Sitamarhi, Darbhanga | Heavy to very heavy rain likely at few places in the districts. |
| 27th June to 29th June 2020 | Darbhanga, Saharsa, Madhapura, Purnia Katihar, Samastipur, Gopalgunj, Siwan, Muzafferpur | Heavy to very heavy rain likely at one or two places in the district. |

Different models have in general the consensus over widespread rainfall activates over the above-mentioned districts. This may result in the inundation of low lying areas and another consequential effect.
The state government is advised to take suitable precautionary measures.
For further updates, the general weather bulletin & warning issued by this office periodically may be referred to.

Yours sincerely

-sd/-

(Vivek Sinha)
Director, Meteorological Centre , Patna